## क. वेबसाइट नीति

इस पोर्टल की सामग्री सीबीएसई की है और उसको व्यवस्थित करने का काम सीबीएसई का है। यद्यपि इस पोर्टल पर सामग्री की सटीकता और सत्यता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं, इस प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित दस्तावेज़ और जानकारी केवल संदर्भ उद्देश्यों के लिए हैं और यह विधि संबंधी दस्तावेज़ होने का दावा नहीं करता है और इसे विधिक विवरण के रूप में नहीं माना जाना चाहिए या किसी विधि उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। सीबीएसई सामग्री की सटीकता, पूर्णता, उपयोगिता या अन्य के संबंध में कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे सीबीएसई के संबंधित विभाग और/या अन्य स्रोतों से किसी भी जानकारी को सत्यापित/जांच लें और पोर्टल में दी गई जानकारी पर कार्रवाई करने से पहले कोई उचित पेशेवर (प्रोफेशनल) से सलाह लें।

अपडेट और सुधार के परिणामस्वरूप, वेब सामग्री सीबीएसई द्वारा जारी किसी भी सूचना के बिना परिवर्तन के अधीन है। जो कहा गया है और संबंधित अधिनियम, नियम, विनियमन, नीति वक्तव्य आदि में निहित है, के बीच किसी भी भिन्नता के मामले में, बाद वाला लागू होगा। किसी भी स्थिति में सीबीएसई किसी भी व्यय, हानि या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसमें इस पोर्टल के किसी भी प्रकार के उपयोग से उत्पन्न या इसके संबंध में डेटा के उपयोग या हानि से उत्पन्न होने वाले किसी सीमा के, अप्रत्यक्ष या परिणाम संबंधी हानि या क्षति, या व्यय, हानि या क्षति शामिल है। इस पोर्टल पर शामिल सेवाओं और अन्य वेबसाइटों के लिंक केवल जन सुविधा के लिए प्रदान किए गए हैं। सीबीएसई लिंक की गई वेबसाइटों की सामग्री या विश्वसनीयता के लिए जिम्मेदार नहीं है और यह आवश्यक नहीं कि उनमें व्यक्त दृष्टिकोण का समर्थन करता हो। हम हर समय ऐसे लिंक किए गए पृष्ठों की उपलब्धता की गारंटी नहीं दे सकते। ये निबंधन एवं शर्तें भारतीय विधि के अनुसार अधीन होगी और मानी जाएंगी। इन निबंधन एवं शर्तों के तहत उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद भारत के न्यायालयों के विशेष क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

## ख. कॉपीराइट नीति

इस साइट पर प्रदर्शित सामग्री को बिना किसी विशिष्ट अनुमति के निर्धारित प्रारूप या मीडिया में निःशुल्क पुनरुत्पादित किया जा सकता है। यह इस शर्त पर कि सामग्री को सटीक रूप से पुनरुत्पादित किया जाए और अपमानजनक तरीके से या भ्रामक संदर्भ में उपयोग न किया जाए। जहाँ सामग्री प्रकाशित की जा रही है या दूसरों को जारी की जा रही है, वहाँ स्रोत को प्रमुख रूप से स्वीकार किया जाना चाहिए। हालाँकि, इस सामग्री को इस साइट पर उपलब्ध किसी भी सामग्री के साथ शामिल करके पुनरुत्पादित करने की अनुमति नहीं है जिस पर स्पष्ट रूप से सीबीएसई का कॉपीराइट का है। ऐसी सामग्री को पुनरुत्पादित करने के लिए संबंधित कॉपीराइट धारकों से प्राधिकार प्राप्त किया जाना चाहिए।

सीबीएसई के स्वामित्व के बाहर के सभी दस्तावेजों का स्रोत बताया जाएगा, जिन्हें आंशिक या पूर्ण रूप से (स्रोत विभाग/संगठन की अनुमति से) पुनः प्रस्तुत किया गया है।

कॉपीराइट द्वारा संरक्षित किसी भी सामग्री को प्रकाशित करने के लिए उचित अनुमति प्राप्त की जाएगी।

## ग. सामग्री योगदान, अनुशोधन (मॉडरेशन) और अनुमोदन नीति (सीएमएपी)

सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.gov.in/cbsenew/cbse.html एक एकल विभाग का प्रतिनिधित्व करती है, जहाँ अधिकांश सामग्री एक ही स्रोत द्वारा प्रदान की जाती है। हम सीएमएपी को लागू करने के लिए 2-स्तरीय संरचना अपनाते हैं, जिसके लिए सीएमएपी भूमिकाओं को निष्पादित करने के लिए कम से कम 2 कर्मचारियों की आवश्यकता होती है, अर्थात,

- **योगदानकर्ता**
- **मॉडरेटर/अनुमोदक**

| **भाग** | **भूमिका** | |
|---|---|---|
| | **योगदानकर्ता** | **मॉडरेटर/अनुमोदक** |
| मुख्य पृष्ठ (होम पेज), हमें संपर्क करें | डबल्यूआईएम | निदेशक आई टी |
| समाचार, भर्ती इत्यादि | संयुक्त सचिव (प्रशासन एवं विधि) | सचिव सीबीएसई |
| प्रेस प्रकाशनी, संगठन वार्ता, रिपोर्टें | उप सचिव (मीडिया एवं जन संपर्क) | सचिव सीबीएसई |
| परिपत्र/अधिसूचनाएं | संबंधित विभाग के संयुक्त सचिव अथवा उप सचिव | संबंधित विभाग के प्रमुख |

**नोट:** निविदाएं सीबीएसई वेबसाइट पर प्रकाशित नहीं की जाती हैं। सभी निविदाएं https://www.cbse.gov.in/cbsenew/cbse.html →प्रशासन और विधि विंग→निविदा→सीबीएसई निविदा→सीपीपी पोर्टल (केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल) (https://eprocure.gov.in/eprocure/app?page=FrontEndTendersByOrganisation&service=page) पर प्रकाशित की जाती हैं।

यह सुनिश्चित किया जाता है कि वेबसाइट की सामग्री आपत्तिजनक या भेदभावपूर्ण भाषा से मुक्त हो।

## घ. सामग्री अभिलेखीय नीति

सामग्री को भविष्य के संदर्भ के लिए संग्रहित किया जाना चाहिए या 2 वर्ष की अवधि के बाद वेबसाइट से पूरी तरह से हटा दिया जाना चाहिए। आप्रसंगिक सामग्री को वेबसाइट पर प्रस्तुत/(नवीनतम @ CBSE) पर फ्लैश नहीं किया जाना चाहिए। परिपत्र/निविदा/अधिसूचनाओं की सामग्री भविष्य के संदर्भों के लिए संग्रहित की जाएगी।

## ङ. सामग्री समीक्षा नीति

यह सामग्री समीक्षा नीति वेबसाइट https://www.cbse.gov.in/cbsenew/cbse.html पर सामग्री को समसामयिक और अद्यतित रखने के लिए तैयार की गई है।

यह समीक्षा नीति विभिन्न प्रकार के सामग्री तत्वों, उनकी विधिमान्यता और प्रासंगिकता के साथ-साथ अभिलेखीय नीति पर आधारित है।

सामान्य नियम के रूप में:

- सामग्री की समसामयिकता सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण वेबसाइट सामग्री की 6 महीने की अवधि में चरणबद्ध तरीके से समीक्षा की जाएगी। उपर्युक्त अपवाद नीचे सूचीबद्ध हैं:

| भाग | समीक्षा आवधिकता |
|---|---|
| मुख्य पृष्ठ (होम पेज) | दैनिक |
| नवीनतम @ सीबीएसई | दैनिक |
| हमें संपर्क करें | जहां और जब अपेक्षित हो। |
| समाचार पत्र, परिपत्र, अधिसूचना इत्यादि | समीक्षा अपेक्षित नहीं |
| सीबीएसई के बारे में | वार्षिकी |

## च. हाइपरलिंक नीति

अन्य प्लेटफॉर्म/वेबसाइटों द्वारा सीबीएसई वेबसाइट के लिए लिंक: इस वेबसाइट में कई स्थानों पर आपको अन्य वेबसाइटों/पोर्टलों के लिंक मिलेंगे। ये लिंक आपकी सुविधा के लिए रखे गए हैं। सीबीएसई लिंक की गई वेबसाइटों की सामग्री और विश्वसनीयता के लिए जिम्मेदार नहीं है और जरूरी नहीं कि उनमें व्यक्त विचारों का समर्थन करता हो। इस वेबसाइट पर लिंक की उपस्थिति या इसकी लिस्टिंग मात्र को किसी भी प्रकार का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए। हम गारंटी नहीं दे सकते कि ये लिंक हर समय काम करेंगे और लिंक किए गए पृष्ठों की उपलब्धता पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है।

अन्य वेबसाइटों/पोर्टलों द्वारा सीबीएसई वेबसाइट के लिए लिंक: किसी भी वेबसाइट/पोर्टल से इस साइट पर हाइपरलिंक निर्देशित करने से पहले पूर्व अनुमति आवश्यक है। इसके लिए अनुमति, उन पृष्ठों पर सामग्री की प्रकृति बताते हुए जहां से लिंक दिया जाना है और हाइपरलिंक की सटीक भाषा हितधारकों को अनुरोध भेजकर प्राप्त की जानी चाहिए।

## छ. गोपनीयता नीति (प्राइवेसी पॉलिसी)

एक सामान्य नियम के रूप में, यह वेबसाइट उपयोगकर्ता द्वारा साइट पर विजिट करने पर उसके बारे में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र नहीं करती है। उपयोगकर्ता आम तौर पर व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा किए बिना साइट पर जा सकते हैं, जब तक कि वे प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए ऐसी जानकारी प्रदान करना नहीं चुनते हैं। इस प्लेटफ़ॉर्म को प्रदान की गई कोई भी जानकारी हानि, दुरुपयोग, अप्राधिकृत अधिगम (एक्सैस) या प्रकटीकरण, परिवर्तन या विनाश से सुरक्षित रहेगी।

### क. साइट विज़िट डेटा:

यह वेबसाइट उपयोगकर्ता के विज़िट रिकॉर्ड करती है और सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए निम्नलिखित जानकारी लॉग करती है: जैसे सर्वर पता; इंटरनेट एक्सेस करने के लिए उपयोग किया जाने वाला शीर्ष-स्तरीय डोमेन (उदाहरण के लिए, .gov, .com, .in, आदि); ब्राउज़र का प्रकार; साइट एक्सेस की तिथि और समय; एक्सेस किए गए पृष्ठ और डाउनलोड किए गए दस्तावेज़, साथ ही पिछला इंटरनेट पता जिससे साइट सीधे जुड़ी हुई है। ब्राउज़िंग गतिविधियों के आधार पर उपयोगकर्ताओं की पहचान नहीं की जाती है, सिवाय इसके कि जब कोई विधिक प्रवर्तन एजेंसी सेवा प्रदाता के लॉग का निरीक्षण करने के लिए वारंट का उपयोग करती है।

### ख. कुकीज़:

कुकी सॉफ़्टवेयर कोड का एक भाग है जिसे इंटरनेट वेबसाइट ब्राउज़र को तब भेजती है जब उस साइट पर जानकारी एक्सेस की जाती है। यह साइट कुकीज़ का उपयोग नहीं करती है।

### ग. ईमेल प्रबंधन:

उपयोगकर्ता का ईमेल पता केवल तभी रिकॉर्ड किया जाएगा जब उपयोगकर्ता संदेश भेजना चुनता है। इसका उपयोग केवल इच्छित उद्देश्य के लिए किया जाएगा और इसे सामान्य मेलिंग सूची में नहीं जोड़ा जाएगा। उपयोगकर्ता के ईमेल पते का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा, और उपयोगकर्ता की

सहमति के बिना इसका खुलासा नहीं किया जाएगा। ध्यान देने योग्य बात: इस गोपनीयता कथन में "व्यक्तिगत जानकारी" शब्द का उपयोग किसी भी ऐसी जानकारी को संदर्भित करता है जिससे उपयोगकर्ता की पहचान स्पष्ट हो या जिसका उचित रूप से पता लगाया जा सके।

## ज. वेबसाइट अनुवीक्षण नीति

सीबीएसई इस वेबसाइट और इसमें मौजूद जानकारी को सार्वजनिक सेवा के रूप में प्रदान करता है। इस प्रणाली की निगरानी उचित संचालन सुनिश्चित करने, लागू सुरक्षा सुविधाओं के कामकाज को सत्यापित करने और तुलनीय उद्देश्यों के लिए की जाती है। इस प्रणाली का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसी निगरानी के लिए स्पष्ट रूप से सहमति देता है।
वेबसाइट की समय-समय पर निगरानी की जाती है। इसके इष्टतम प्रदर्शन के लिए प्रदर्शन, कार्यक्षमता, टूटे हुए लिंक और ट्रैफ़िक विश्लेषण जैसे मापदंडों को सुनिश्चित किया जाता है।

## झ. सुरक्षा नीति

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट सुरक्षा नीति का दायित्व है कि वह अपने वेबसाइट उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (नाम, पता, जन्म तिथि, आदि) को अनधिकृत पक्षों के समक्ष प्रकट होने से बचाए।

**सूचना और प्रकटीकरण:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अपने वेबसाइट उपयोगकर्ताओं की व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी को किसी तीसरे पक्ष को नहीं बेचेगा, व्यापार नहीं करेगा और न ही उसको प्रस्तुत करेगा।

**डेटा की गुणवत्ता और अभिगम:** सीबीएसई यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाता है कि वेबसाइट पर डाटा सटीक हो। यदि कुछ गलत पाया जाता है, तो उसे जल्द से जल्द ठीक करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। सीबीएसई वेबसाइट पर मौजूद जानकारी बिना किसी पूर्व सूचना के बदली जा सकती है। सीबीएसई वेबसाइट का उपयोग करते समय आपके आईपी पते और पृष्ठों पर बिताए गए समय जैसी कुछ जानकारी एकत्र की जा सकती है। यह गैर-व्यक्तिगत जानकारी सीबीएसई वेबसाइट के किसी भी अनधिकृत उपयोग या अभिगम की निगरानी के लिए एकत्र की जाती है। सीबीएसई वेबसाइट को नुकसान पहुँचाने, उससे जानकारी चुराने या अन्यथा नुकसान पहुँचाने का प्रयास करते हुए पकड़े गए किसी भी व्यक्ति पर संबंधित विधि के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

**डेटा सुरक्षा:** सीबीएसई वेबसाइट एनआईसी डेटा सेंटर में होस्ट की गई है और इसे वेबसाइट सूचना प्रबंधक द्वारा इन-हाउस विकसित और प्रबंधित किया जा रहा है, जो सीबीएसई वेबसाइट पर जानकारी सुरक्षित रखने के लिए हर सावधानी बरत रहा है। सीबीएसई वेबसाइट को फ़ायरवॉल और आईडीएस (घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली) और उच्च उपलब्धता समाधान के कार्यान्वयन के साथ संरक्षित क्षेत्र में रखा गया है।
**जिम्मेदारी और प्राधिकार (वेबसाइट प्रबंधन दल):** वेब सूचना प्रबंधक यह सुनिश्चित करेगा कि साइट पर सामग्री का उचित प्रवाह हो और सामग्री की गुणवत्ता और उपयोगकर्ता संतुष्टि के मुद्दों का ध्यान रखा जाए। इसे प्राप्त करने के लिए, वेब सूचना प्रबंधक सीबीएसई के विभिन्न अनुभागों के साथ समन्वय करता है। वेब सूचना प्रबंधक सीबीएसई वेबसाइट के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियाँ भी करता है, जिसका रखरखाव वह करता है:

क. वेब सूचना प्रबंधक वेबसाइट पर सूचना और सेवाओं की गुणवत्ता और मात्रा के लिए समग्र रूप से जिम्मेदार है।
ख. पूरे जीवन चक्र के दौरान वेब पर सामग्री के प्रबंधन से संबंधित नीतियों का निर्माण अर्थात प्रावधान, मॉडरेशन अनुमोदन और अभिलेखीकरण।
ग. यह सुनिश्चित करना कि वेबसाइट पर सभी सामग्री हमेशा प्रामाणिक, सटीक और अद्यतित रहें और अप्रचलित जानकारी या सेवाएँ हटा दी जाएँ।
घ. संबंधित जानकारी के लिए लिंक को समय-समय पर बदलना और सत्यापित करना।
ङ. सभी प्रमुख खोज इंजनों में वेबसाइट की प्रमुख रैंक पर प्रविष्टि सुनिश्चित करना ताकि साइट की दृश्यता बढ़े और उपयोगकर्ताओं को इसके पते के बारे में पता चले।

**तकनीकी प्रबंधक- तकनीकी प्रबंधक की जिम्मेदारियाँ हैं:**

- ❖ प्रदर्शन, सुरक्षा और उपलब्धता के लिए वेबसाइट की नियमित निगरानी।
- ❖ नीतियों (संगठनात्मक, विनियामक, विधायी, आदि) के अनुपालन को सुनिश्चित करना, जिसके लिए वेबसाइट की सामग्री, वास्तुकला, सुरक्षा, प्रक्रिया आदि में परिवर्तन की आवश्यकता हो सकती है।
- ❖ प्रमुख संशोधनों के अनुरूप वेबसाइट का आवधिक सुरक्षा ऑडिट
- ❖ वेबसाइट पर ट्रैफ़िक का विश्लेषण और विकास/प्रबंधन दल को फीडबैक-

सीबीएसई वेबसाइट विकास और प्रबंधन के लिए, तकनीकी प्रबंधक के तहत एक दल स्थापित किया गया है, जिसमें एचटीएमएल संलेखन (ऑथारिंग), प्रोग्रामिंग, डिज़ाइन, सामग्री तैयारी आदि में पेशेवर कौशल शामिल है, जो वेब सूचना प्रबंधक की समग्र देखरेख में काम करती है।

❖ तकनीकी प्रबंधक/वेबसाइट टीम के पास निम्नलिखित ज्ञान क्षेत्रों में अनुभव और कौशल है:
  - **वेबसाइट प्रौद्योगिकी**
  - **वेबसाइट परीक्षण**
  - **प्रयोज्यता**
  - **ई-अभिगम्यता**
  - **प्रदर्शन**
  - **सुरक्षा**

**किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क विवरण:**

यदि आपके पास सीबीएसई वेबसाइट सुरक्षा नीति के बारे में कोई प्रश्न है, तो कृपया हमसे संपर्क करें:-

**दिव्या भारद्वाज - अवर सचिव (आईटी)**
ईमेल: wim[at]cbse[dot]gov[dot]in
फोन: 011-22044164
हेल्पलाइन नंबर: 1800-11-8002
पता: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा केंद्र 2,
सामुदायिक केंद्र, प्रीत विहार, दिल्ली 110092

## ञ. निबंधन एवं शर्तें

यह वेबसाइट केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा डिजाइन, विकसित और होस्ट की गई है।

हालाँकि सामग्री की सटीकता और प्रचलन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं इस वेबसाइट को विधि विवरण के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए या किसी विधिक उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। सीबीएसई सामग्री की सटीकता, पूर्णता, उपयोगिता या अन्य के संबंध में कोई दायित्व स्वीकार नहीं करता है। उपयोगकर्ताओं को किसी भी जानकारी को संबंधित सरकारी विभाग (विभागों) और/या अन्य स्रोत (स्रोतों) के साथ सत्यापित/जांचने की सलाह दी जाती है, और वेबसाइट में दी गई जानकारी पर कार्रवाई करने से पहले किसी भी पेशेवर से उचित सलाह प्राप्त कर लें।

किसी भी स्थिति में सीबीएसई किसी भी व्यय, हानि या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसमें इस वेबसाइट के किसी भी प्रकार के उपयोग से उत्पन्न या इसके संबंध में डेटा के उपयोग या हानि से उत्पन्न होने वाले किसी सीमा के, अप्रत्यक्ष या परिणाम संबंधी हानि या क्षति, या व्यय, हानि या क्षति शामिल है।

इस वेबसाइट पर शामिल किए गए अन्य पोर्टल/वेबसाइटों के लिंक केवल जन सुविधा के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। सीबीएसई लिंक पोर्टल/वेबसाइट की सामग्री या विश्वसनीयता के लिए जिम्मेदार नहीं है तथा उनमें व्यक्त विचारों के समर्थन की आवश्यकता नहीं हैं। हम हर समय ऐसे लिंक किए गए पृष्ठों की उपलब्धता की गारंटी नहीं दे सकते।

ये निबंधन एवं शर्तें भारतीय विधि के अनुसार नियंत्रित और समझी जाएंगी। इन निबंधन एवं शर्तों के तहत उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद भारत के न्यायालयों के विशेष क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

## ट. अस्वीकरण

यह प्लेटफ़ॉर्म सीबीएसई द्वारा दी गई जानकारी/गतिविधियों का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्लेटफ़ॉर्म की सामग्री का उद्देश्य केवल सूचना देना है, जोकि जनता को बड़े पैमाने पर त्वरित और सुलभ जानकारी प्रदान करता है और इसकी कोई विधिक शुचिता नहीं है। इस पोर्टल पर केवल जन सुविधा के लिए विभिन्न संबंधित सेवाओं के लिए अन्य प्लेटफार्मों के लिंक शामिल किए गए हैं। हम उन साइटों की सामग्री की सटीकता की जिम्मेदारी नहीं लेते हैं। बाहरी साइटों को दिया गया हाइपरलिंक इन साइटों द्वारा दी गई जानकारी, उत्पादों या सेवाओं के गठन का समर्थन नहीं करता है।